आग से बचने की योजना बनाइये

यदि आपके घर में आग लग जाती है तो उससे बचने की योजना बनाने के लिए उस समय बहुत देर हो चुकी होगी। इस आग से बाहर निकलने की योजना बनाने के लिए नीचे लिखे क़दमों का पालन कीजिए।



पहला क़दम

एक कागज़ पर अपने घर की विस्तृत जानकारी देने वाला नक्शा बनाइये।
हर कमरे से बाहर निकलने के दो रास्ते बनाने की कोशिश कीजिए।

दूसरा क़दम

योजना को ऐसी जगह रखिए जहां हर कोई उसे आसानी से देख सके।
जैसे कि फ्रिज पर।

तीसरा क़दम

एकत्रित होने के लिए घर के बाहर एक सुरक्षित स्थान चुनिए।
यह वह जगह है जहां आग लगने पर आपका परिवार मिल सकेगा।

चौथा क़दम

अपनी योजना का अभ्यास कीजिए।
अलग-अलग स्थितियों में जैसे रात में बत्ती बुझा कर इसका अभ्यास कीजिए।
याद रखिए कि धुएं से बचने के लिए रेंगना उचित है।

पाँचवा क़दम

यह सुनिश्चित कीजिए कि आप के घर का "स्मोक अलार्म" ठीक से काम करता है।
उसे धूल और कीड़े-मकोड़ों से साफ रखिए।
क्वींसलैंड स्मोक-अलार्म कानूनों के बारे में जानें qld.gov.au/smokealarms

© क्वींसलैंड राज्य (क्वींसलैंड अग्निशमन विभाग) 2024
ग्राफिक्स और ट्रेडमार्क के अतिरिक्त सभी सामग्री CC 4.0 के तहत लाइसेंस प्राप्त हैं।

Queensland Government